भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न संख्या :1420**

दिनांक 15 दिसम्बर, 2022/24 अग्रहायण,1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

## विमान यात्रियों की बढ़ती संख्या

**1420. श्री कुलदीप राय शर्मा:**
**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**
**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:**
**डॉ. सुभाष रामराव भामरे:**
**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:**
**डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(**क**) क्या अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में प्रति वर्ष विमान यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(**ख**) सरकार द्वारा यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उक्त राज्यों में विमान सेवाओं को बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(**ग**) क्या सरकार के पास देश में विमान यात्रियों की संख्या के संबंध में कोई आंकड़े हैं;

(**घ**) यदि हां, तो गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान विमान यात्रा करने वाले यात्रियों की वर्ष-वार संख्या कितनी है और उक्त से अर्जित होने वाला राजस्व कितना है;

(**ङ**) क्या देश में तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान घरेलू हवाई यातायात में नकारात्मक वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं; और

(**च**) क्या देश में ऐसे कई नगर और शहर हैं जो अभी तक हवाई यात्रा से नहीं जुड़े हैं और यदि हां, तो इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))**

(क): से (च): जी हां। कोविड-पूर्व समय के दौरान, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह, महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु के विमान यात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखी गई थी। अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह, महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु के विमानयात्री यातायात प्रतिशत वृद्धि के साथ यात्री यातायात का ब्यौरा अनुबंध-I के तौर पर संलग्न है।

नागर विमानन मंत्रालय ने देश में अपरिचालित और अल्पपरिचालित हवाईअड्डों से क्षेत्-रीय हवाई संपर्क बढ़ाने और हवाई यात्रा को आम जनता के लिए किफायती बनाने के लिए 21.10.2016 को क्षेत्रीय संपर्क योजना आरंभ (उड़े देश का आम नागरिक) उड़ान-(आरसीएस) की है।

वर्ष 2019-20 के दौरान, देशभर के समस्त हवाईअड्डों पर 275 मिलियन यात्री परिवहन की संभलाई की गई है। वैश्विक विमानन उद्योग पर कोविड-19 के प्रतिकूल प्रभाव के कारण, भारत का घरेलू यात्री परिवहन 2020-21 के दौरान कम होकर 105 मिलियन हो गया। वर्ष 2020-21 से अक्टूबर 2022 तक घरेलू यात्री यातायात का विवरण अनुबंध-॥ के तौर पर संलग्न है।
पिछले तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष (अक्टूबर 2022 तक) तक भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा अर्जित किए गए राजस्व का विवरण अनुबंध-III के रूप में संलग्न है।

दिनांक 30.11.2022 की स्थिति के अनुसार, उड़ान के अंतर्गत चौथे चरण की बोली के पश्चात, 2 वाटर एयरोड्रोमों एवं 9 हेलीपोर्टों सहित 70 हवाईअड्डों को प्रचालनिक करते हुए 453 मार्गों में प्रचालन प्रारंभ कर चुके हैं। अभी तक 2.15 लाख से अधिक उड़ान योजना की उड़ानों का प्रचालन हो चुका है तथा 1.1 करोड़ से अधिक यात्री उड़ान योजना की उड़ानों का लाभ उठा चुके हैं। यह योजना टीयर-2 और टीयर-3 शहरों को किफायती हवाई किराए पर हवाई संपर्क प्रदान करने में सक्षम रही है और इसने लोगों के यात्रा करने के तरीके को बदल दिया है।

*******

अनुबंध-I

| वर्ष 2017-18 से 2021-22 के लिए अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का विमान यातायात | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल यात्री (संख्या) | | | | | | | | | | |
| क्र.सं. | हवाईअड्डा | 2021-22 | 2020-21 | 2020-21 की तुलना में 2021-22 में % परिवर्तन | 2019-20 | 2019-20 की तुलना में 2020-21 में % परिवर्तन | 2018-19 | 2018-19 की तुलना में 2019-20 में % परिवर्तन | 2017-18 | 2017-18 की तुलना में 2018-19 में % परिवर्तन |
| 1 | पोर्टब्लेयर | 761610 | 400361 | 90.2 | 1658661 | -75.9 | 1711881 | -3.1 | 1549951 | 10.4 |
| **कुल** | | **761610** | **400361** | **90.2** | **1658661** | **-75.9** | **1711881** | **-3.1** | **1549951** | **10.4** |

| वर्ष 2017-18 से 2021-22 के लिए महाराष्ट्र राज्य का हवाई यातायात | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल यात्री (संख्या) | | | | | | | | | | |
| क्र.सं. | हवाईअड्डा | 2021-22 | 2020-21 | 2020-21 की तुलना में 2021-22 में % परिवर्तन | 2019-20 | 2019-20 की तुलना में 2020-21 में % परिवर्तन | 2018-19 | 2018-19 की तुलना में 2019-20 में % परिवर्तन | 2017-18 | 2017-18 की तुलना में 2018-19 में % परिवर्तन |
| 1 | अकोला | 0 | 0 | - | | - | - | - | - | - |
| 2 | औरंगाबाद | 250989 | 145561 | 72.4 | 347734 | -58.1 | 347781 | 0.0 | 344180 | 1.0 |
| 3 | गोंदिया | 1774 | 0 | - | 39 | -100.0 | 100 | -61.0 | | - |
| 4 | जलगॉव | 7604 | 6049 | 25.7 | 15330 | -60.5 | 1531 | 901.3 | 563 | 171.9 |
| 5 | जुहू | 85959 | 59847 | 43.6 | 157852 | -62.1 | 147711 | 6.9 | 165870 | -10.9 |
| 6 | कोल्हापुर | 96319 | 71557 | 34.6 | 130868 | -45.3 | 17521 | 646.9 | 14 | 125050.0 |
| 7 | मुंबई (एमआईएएल) | 21747892 | 11054811 | 96.7 | 45873329 | -75.9 | 48815063 | -6.0 | 48496430 | 0.7 |
| 8 | नागपुर | 1605433 | 948237 | 69.3 | 3061548 | -69.0 | 2801910 | 9.3 | 2186137 | 28.2 |
| 9 | नांदेड़ | 19738 | 28176 | -29.9 | 136764 | -79.4 | 118248 | 15.7 | 49192 | 140.4 |
| 10 | नासिक (हालोजार) | 51789 | 83140 | -37.7 | 102357 | -18.8 | 43511 | 135.2 | 2248 | 1835.5 |
| 11 | पुणे | 3713491 | 2137859 | 73.7 | 8085607 | -73.6 | 9070927 | -10.9 | 8164840 | 11.1 |
| 12 | शिरड़ी | 176787 | 85673 | 106.4 | 568968 | -84.9 | 229040 | 148.4 | 37234 | 515.1 |
| 13 | शोलापुर | 23 | 13 | 76.9 | 154 | -91.6 | 15 | 926.7 | 30 | -50.0 |
| 14 | सिंधुदुर्ग | 19569 | 0 | - | - | - | - | - | - | - |
| **कुल** | | **27777367** | **14620923** | **90.0** | **58480550** | **-75.0** | **61593358** | **-5.1** | **59446738** | **3.6** |

| वर्ष 2017-18 से 2021-22 के लिए तमिलनाडु राज्य का विमान यातायात | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल यात्री (संख्या) | | | | | | | | | | |
| क्र.सं. | हवाईअड्डा | 2021-22 | 2020-21 | 2020-21 की तुलना में 2021-22 में % परिवर्तन | 2019-20 | 2019-20 की तुलना में 2020-21 में % परिवर्तन | 2018-19 | 2018-19 की तुलना में 2019-20 में % परिवर्तन | 2017-18 | 2017-18 की तुलना में 2018-19 में % परिवर्तन |
| 1 | चेन्नई | 9533301 | 5495707 | 73.5 | 22266722 | -75.3 | 22543822 | -1.2 | 20361482 | 10.7 |
| 2 | कोयम्बटूर | 1285922 | 846649 | 51.9 | 2842835 | -70.2 | 3000882 | -5.3 | 2403935 | 24.8 |
| 3 | मदुरई | 679781 | 565539 | 20.2 | 1422337 | -60.2 | 1520016 | -6.4 | 1442807 | 5.4 |
| 4 | सालेम | 2577 | 18513 | -86.1 | 35905 | -48.4 | 41404 | -13.3 | 998 | 4048.7 |
| 5 | तंजावुर | 0 | 0 | - | | - | | - | | - |
| 6 | त्रिची | 556707 | 355903 | 56.4 | 1612492 | -77.9 | 1578831 | 2.1 | 1513273 | 4.3 |
| 7 | तूतीकोरिन | 135363 | 121320 | 11.6 | 235692 | -48.5 | 177427 | 32.8 | 96143 | 84.5 |
| 8 | वेल्लोर | 0 | 0 | - | | - | | - | | - |
| **कुल** | | **12193651** | **7403631** | **64.7** | **28415983** | **-73.9** | **28862382** | **-1.5** | **25818638** | **11.8** |

**अनुबंध-II**

## लोक सभा के दिनांक 15.12.2022 को दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं. 1420 के उत्तर में उल्लिखत अनुबंध

**घरेलू यात्री परिवहन का वर्षवार विवरण**

| **वित्त वर्ष** | **घरेलू यात्री (मिलियन में)** | **प्रतिशत वृद्धि (%)** |
|---|---|---|
| 2020-21 | 105 | -61.7 |
| 2021-22 | 167 | 58.5 |
| 2022-23 (अक्टूबर तक) | 147 | 96.5 |

स्रोत: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

**नोट: वित्तीय वर्ष 2022-23 (अक्टूबर 2022 तक) के लिए प्रतिशत परिवर्तन की गणना पिछले वित्तीय वर्ष के इसी आंकड़े के आधार पर की गई है।**

**अनुबंध III**

**दिनांक 15.12.2022 को दिए जाने वाले उत्तर से संबंधित लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 1420 का अनुबंध**

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा अर्जित राजस्व**

| **वित्त वर्ष** | **राजस्व (लगभग करोड़ रुपये में)** |
|---|---|
| 2019-20 | 12837 |
| 2020-21 | 4867 |
| 2021-22 | 6841 |
| 2022-23 (अक्टूबर 2022 तक) | 6074 |

(स्रोत: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण)

******